प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- केन्द्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि को अगला प्रमुख रक्षा अध्यक्ष–सी.डी. एस नियुक्त कियां
- समग्र बौद्धिक विकास पर आज नई दिल्ली में परामर्शदाता सम्मेलन का आयोजनं
- प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे के जरिये लगभग 47 लाख मामलों का निस्तारण किया गयां
- मातृत्व दिवस पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रमं

.........................................................................

केन्द्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि को अगला प्रमुख रक्षा अध्यक्ष–सी.डी.एस नियुक्त किया हैं वे जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा हैं रक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्री सुब्रमणि पदभार ग्रहण करने के साथ ही, सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगें केन्द्र ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामी नाथन को अगला नौसेना प्रमुख भी नियुक्त किया हैं लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि भारतीय सेना के अनुभवी और प्रतिष्ठित अधिकारी हैं वे वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं इससे पहले वे सेना के उप प्रमुख और केंद्रीय कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ के रूप में कार्य कर चुके हैं श्री सुब्रमणि पश्चिमी और उत्तरी मोर्चों पर प्रमुख परिचालन इकाइयों की कमान भी संभाल चुके हैं

.........................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक और तेलंगाना के दौरे पर रहेंगें वे बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की 45वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगे और आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव–निर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन करेंगें इस दौरान वे उपस्थित लोगों को सम्बोधित भी करेंगें इसके बाद प्रधानमंत्री का हैदराबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ और शिलान्यास करने का कार्यक्रम हैं ये परियोजनाएं लगभग 9 हजार चार सौ करोड़ रुपये की हैं

.........................................................................

समग्र बौद्धिक विकास पर आज नई दिल्ली में परामर्शदाता सम्मेलन होगां केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से यह आयोजन किया हैं इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ साथ भावनात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक आरोग्य को बढ़ावा देना हैं बोर्ड ने बताया कि इस परियोजना के दूसरे चरण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के 60 से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य और परामर्शदाता भाग लेंगें यह परियोजना इस वर्ष जुलाई से छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए लागू की जाएगीं इसके तहत कल्याण मॉड्यूल, सहकर्मी सहायता गतिविधियाँ और अभिभावक सहभागिता कार्यशालाएं शामिल हैं

.........................................................................

केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भिवाडी में जलभराव की समस्या के निवारण के लिए 34 एमएलडी का एसटीपी प्लांट तैयार हो गया है, जिसका उद्घाटन इसी सप्ताह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगें इसके अलावा सीईटीपी से पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन डालने का काम भी जल्द शुरू होगा और नेशनल हाईवे 919 की समस्या का भी समाधान जल्द किया जायेगां श्री यादव कल अपने संसदीय क्षेत्र पंहुचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत कियां इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और पत्रकारों से कहा कि सरकार हर क्षेत्र में प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वे अलवर जिले के विकास के लिए पुरजोर प्रयास करेंगें

.........................................................................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज अजमेर के एक दिन के प्रवास पर रहेंगें इस दौरान वे पुष्कर क्षेत्र के कड़ेल गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ग्राम विकास चौपाल में भाग लेंगें चौपाल

में श्री शर्मा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी प्राप्त करेंगें मुख्यमंत्री का कल गांव का भ्रमण कर स्थानीय व्यवस्थाओं और विकास कार्यों के अवलोकन का भी कार्यक्रम हैं

.........................................................................

देशभर में आयोजित इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्रदेश में राजीनामे के जरिये कुल 46 लाख 91 हजार 311 मामलों का निस्तारण किया गयां इनमें 7 अरब 15 करोड़ रुपए से अधिक के अवार्ड जारी किए गएं लोक अदालत में राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने उपस्थित पक्षकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अदालत के माध्यम से ऐसे मामलों को तय किया जाता है जिससे पक्षकार का समय और धन दोनों बचाये जा सकें कई पक्षकारों के बीच सिविल और छोटे आपराधिक प्रकृति के मुकदमे आपसी राजीनामे से सुलझाये जा सकते हैं गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राज्यभर की अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया थां

.........................................................................

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी हैं देशभर से चुनी गई 42 पंचायतों को ये पुरस्कार दिए जाएंगें पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह 3 जून को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगां मंत्रालय के अनुसार, कर्नाटक ने सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त किए हैं, जहां छह पंचायतों को चुना गया हैं इसके बाद आंध्र प्रदेश और ओडिशा का स्थान रहा, जहां प्रत्येक को पांच–पांच पुरस्कार मिले हैं

.........................................................................

प्रदेशभर में आज मातृत्व दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा हैं ये दिन माताओं के योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि मां सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि ममता, त्याग और समर्पण की सबसे पवित्र भावना हैं उन्होंने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है, जो हमें संस्कार, साहस और सही मार्ग पर चलना सिखाती हैं

.........................................................................

प्रदेश में मौसम के दो रूप देखने को मिल रहे हैं पश्चिमी जिलों में लगातार मौसम शुष्क बने रहने से भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हैं यहां अधिकतम तापमान एक बार फिर 45 डिग्री तक पंहुच गयां कल बाडमेर में पारा 46 डिग्री सेल्सियस रहां जोधपुर, बीकानेर, फलौदी, चित्तौडगढ में पारा 43 डिग्री से ज्यादा रहां वहीं कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं कहीं बादल गरजने के साथ आंधी चली और बारिश हुईं नागौर के मेडता में 5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गईं मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं हालांकि एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल और परसो बीकानेर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र तथा जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं–कहीं आंधी के साथ हल्की बारिश होने और शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना हैं

.........................................................................